भीमराव अंबेडकर स्टेडियम, सांगोद, कोटा में विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण पर माननीय अध्यक्ष महोदय का सम्बोधन

--

स्थान: सांगोद में जोलपा रोड स्थित भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम, गाँव जोगड़ी

सांगोद के सभी सम्मानित लोगों को नमस्कार, आप सभी का कोटि-कोटि अभिवादन।

आज सांगोद के इस स्टेडियम में हम 400K.V. GSS का शिलान्यास करने जा रहे हैं।

इसके साथ ही ग्राम खजूरी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 37 लाख रुपए की लागत से चार कक्षा कक्षों के निर्माण का कार्य और ग्राम हरिपुरा मांझी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 20 लाख की लागत से खेल मैदान के विकास कार्य और बाउंड्रीवाल के निर्माण कार्य का शिलान्यास करने जा रहे हैं।

इन सब के साथ ही ग्राम दिल्लीपुरा और ग्राम सावन भादो में 20-20 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का शिलान्यास आज होगा।

तथा ग्राम आंवा में 10 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार हुई सड़क का लोकार्पण भी आज होने जा रहा है। मैं सांगोद क्षेत्र के इन सभी गाँवों और यहाँ की देवतुल्य जनता को इन कार्यों के लिए अनेक – अनेक बधाई देता हूँ। आप सभी को शुभकामनाएं देता हूँ।

सांगोद क्षेत्र में करीब 175 करोड़ रुपए की लागत से यह 400 KV GSS यहाँ स्थापित होगा। इस GSS के बनकर तैयार होने से क्षेत्र में बिजली की छीजत में कमी आएगी। यहाँ इस क्षेत्र में GSS की मांग वर्षों से है। मैं आप लोगों के अनुरोध को और आवश्यकताओं को समझता हूँ। इसी दिशा में यह कदम लिया गया है।

इस GSS के बनकर तैयार होने के बाद आपको समुचित मात्रा में और समुचित वोल्टेज की बिजली मिल सकेगी। बिजली की जिन समस्याओं का सामना आप लोगों को करना पड़ता है, वो दूर हो सकेगी।

इससे सांगोद के साथ हीब पावर, खानपुर, देवली, मांझी, बारां, मोडक, झालावाड़ और अकलेरा की बढ़ी हुई लोड मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी।

इससे सांगोद और झालावाड़ क्षेत्र में औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलेगा। यहाँ व्यापार-कारोबार में सुगमता आएगी। किसान साथियों को सुविधा मिलेगी। मूलभूत विकास के इस कार्य से हमारे क्षेत्र में तरक्की और खुशहाली आएगी।

साथियों, आज भारत के 100 प्रतिशत गाँवों में बिजली पहुँच चुकी है। हर घर नल से जल पहुँच सकें, इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। उजाला योजना के माध्यम से देश भर में एलईडी लाइट बांटी गई है। इन सुधारों से हमारे देश और प्रदेश में बिजली की काफ़ी बचत हुई है।

अभी हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने एम सूर्योदय योजना की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य देश के एक करोड़ गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों के घरों की छत पर सोलर पैनल लगाना है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम वर्ग के परिवारों को घरेलू बिजली बिलों में बड़ी राहत मिल सके। सूर्योदय योजना से देश में एक करोड़ परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिल सकेगी, जिससे उन्हें सालाना 18,000 रुपये तक की बचत होगी। सोलर पैनल से जो बिजली बनेगी, उसका उपयोग हमारे घरों में हो सकेगा, और जो एक्स्ट्रा बिजली बनेगी, उसे बिजली वितरण कंपनियों को बेचा जा सकेगा।

इसी के साथ आज खजूरी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 37 लाख रुपए की लागत से चार कक्षा कक्षों के निर्माण का कार्य और ग्राम हरिपुरा मांझी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 20 लाख की लागत से खेल मैदान के विकास कार्य और बाउंड्री वाल के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी होने जा रहा है।

कोटा – बूंदी क्षेत्र में शिक्षा के विस्तार के लिए पिछले इन वर्षों में हमने कई कार्य किए हैं। 50 से 60 गाँवों के विद्यालयों के विकास के लिए कार्य करवाए हैं। विद्यालयों में क्लास रूम के साथ ही खेल के मैदान तैयार करवाए हैं। कई विद्यालयों को क्रमोन्नत किया है। जिस तरह आज कोटा का नाम पूरे देश में आईआईटी और मेडिकल के एन्ट्रेंस एग्जाम की तैयारी के लिए जाना जाता है, उसी तरह भविष्य में कोटा का नाम देश के टॉप स्कूल, यूनिवर्सिटी और संस्थानों के लिए भी जाना जाएगा। इस विचार पर हम काम कर रहे हैं।

शिक्षा बेहतर भविष्य की कुंजी है। शिक्षा वह नींव है, जिस पर एक सफल और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है। आज कोटा – बूंदी के विद्यार्थी प्रदेश में और देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। यह देखकर हम सब को खुशी होती है।

इन सबके साथ ही आज ग्राम दिल्लीपुरा और ग्राम सावन भादो में 20-20 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का शिलान्यास भी हो रहा है तथा ग्राम आंवा में 10 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार हुई सड़क का लोकार्पण भी आज होने जा रहा है।

पिछले इन वर्षों में कोटा और बूंदी में कई गाँवों ने और कई समाजों ने अपने – अपने स्तर पर सामूहिकता के साथ सामुदायिक भवन तैयार करवाए हैं। जब भी मुझसे सहयोग की अपेक्षा की गई, मैंने उसमें

सहयोग दिया है। सामुदायिक भवन हमें सामाजिक रूप से समृद्ध बनाते हैं। गाँव में कोई भी छोटा-बड़ा कार्यक्रम हो, हम सामुदायिक केंद्रों पर बड़े उत्साह के साथ आयोजन कर सकते हैं।

ग्राम आंवा में सड़क के निर्माण से कनेक्टिविटी का विस्तार होगा। गाँव के लोगों को सुविधा मिलेगी, इसके लिए मैं एक बार पुनः सभी को शुभकामनाएं देता हूँ।

मुझे विश्वास है कि विकास के ये कार्य सांगोद को एक नई दिशा में आगे बढ़ाएंगे। हमारा सांगोद विकसित, शिक्षित और उन्नत बने; यही मेरा ध्येय है, यही मेरा प्रयास है। आप सभी को शुभकामनाएं।

धन्यवाद, जय हिंद।